उत्तर प्रदेश शासन
प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-2
संख्या-402/सोलह-2-2014-48(ई)/12
लखनऊःदिनांकः: 13 मार्च,2014

नियुक्ति/विज्ञप्ति

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० के अन्तर्गत राजकीय पालीटेक्निक, उ०प्र० में प्रवक्ता सिविल अभियंत्रण के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियमित चयन के फलस्वरुप लोक सेवा आयोग, उ०प्र० की संस्तुति के आधार पर श्री धीरेन्द्र कुमार कुरील पुत्र श्री हंसराज कुरील, 36/47डी/10-बी/09ए, न्यू आबादी, हिमांचल कालोनी, देवरी रोड, आगरा, उ०प्र० 282001 को प्रवक्ता सिविल अभियंत्रण के पद पर वेतनमान रू०-15600-39100 एवं ग्रेड वेतन रू०-5400/- में अस्थायी रुप से नियुक्त करते हुए उन्हें छत्रपति शाहूजी महराज राजकीय पालीटेक्निक, बलरामपुर में तैनात किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। श्री कुरील तैनाती की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा पर रहेंगे।

2- श्री कुरील को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उक्त वेतनमान के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे।

3- श्री कुरील को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे अपना कार्यभार इस आदेश के निर्गत होने के दिनांक से एक माह के अन्दर अवश्य ग्रहण कर लें अन्यथा उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी। कार्यभार ग्रहण करने हेतु श्री कुरील को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

4- श्री कुरील की पारस्परिक ज्येष्ठता सुसंगत नियमावली के प्राविधानों के अनुरुप बाद में निर्धारित की जायेगी।

5- उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से श्री कुरील 02 वर्ष के विहित परिवीक्षा पर रहेंगी।

अवधेश कुमार पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

संख्या-402(i)/सोलह-2-2014, तद्दिनांकः:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ०प्र०, इलाहाबाद।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, कानपुर।
3. कोषाधिकारी, बलरामपुर।
4. प्रधानाचार्य, छत्रपति शाहूजी महराज राजकीय पालीटेक्निक, बलरामपुर को इस अभ्युक्ति के साथ प्रेषित कि संबंधित अभ्यर्थी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की सूचना और निर्धारित समय के अन्दर कार्यभार ग्रहण न करने की सूचना शासन व निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, कानपुर को तत्काल भेजें।

P.T.O.

APPOINTMENT